# दिगंत

ई-पत्रिका :अप्रैल- 2021




‘नैक’ प्रत्यायित

## दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर-273001

**website :** www.dnpgcollege.edu.in

# दिगंत-ई-पत्रिका:अप्रैल- 2021

## संरक्षक मण्डल



**परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज**

**मुख्य संरक्षक**



**प्रो.उदय प्रताप सिंह**

अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**

उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



**डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह,** प्राचार्य

**प्रधान सम्पादक**

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग 
2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग 
3. **डॉ. शैलेश कुमार सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग 
4. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग 
5. **डॉ. सुनील कुमार सिंह,** सहायक आचार्य,, समाजशास्त्र विभाग 
6. **डॉ. समृद्धि सिंह,** सहायक आचार्य,, समाजशास्त्र विभाग 

## विशिष्ट व्याख्यान विषय-वैश्विक महामारी के रूप में कोरोना एक चुनौती




पहले दिनांक 12.04.2021 को महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के छात्र परिषद के द्वारा बी.ए. प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बी.ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई दी जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं **"वैश्विक महामारी के रूप में कोरोना एक चुनौती"** विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ पी एन सिंह,विशेषज्ञ नाक,कान,गला, बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थाओं में विदाई व्यक्ति को एक कदम आगे ले जाती है। जिसमे संयम, अनुशासन एवं समय प्रबंधन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। व्यक्ति के आत्म विकास में एक विद्यार्थी को अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य का चयन करना आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि आप जहाँ भी रहें महाविद्यालय के संस्कार व विचार को जीने का प्रयास करें।

## भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 130वीं जयंती का आयोजन




महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा दिनांक 14.04.2021 को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर वर्चुअल मोड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डॉ भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के शिक्षाशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजशरण शाही थे। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर का महान व्यक्तित्व लोगों के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है बाबासाहेब संविधान निर्माता, महान विद्वान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री एवं राजनीतिज्ञ थे वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भी रहे और उन्हें भारतीय संविधान का जनक भी कहा जाता है उन्होंने राजनीतिक अधिकारों और दलितों एवं महिलाओं के लिए सामाजिक

स्वतंत्रता की वकालत की साल 1990 में उन्हें भारत रत्न यानी भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोंपरांत सम्मानित किया गया उनके जन्मदिवस को अंबेडकर जयंती के तौर पर भारत समेत दुनिया भर में मनाया जा रहा है भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर शत–शत नमन समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए किया गया उनका संघर्ष हर पीढ़ी के लिए एक मिसाल बना रहेगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को हमें आत्मसात करना चाहिए वर्तमान परिवेश में भी उनके विचार एवं कर्तव्य निष्ठा प्रासंगिक है

## आई.क्यू.ए.सी. की नई कार्यकारिणी का गठन साथ ही एन.आइ.आर.एफ.में जाने का निर्णय



दिनांक 19.04.2021 को महाविद्यालय के गोरखनाथ साहित्य केन्द्र में प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आई.क्यू.ए.सी. के सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें नैक मूल्यांकन के पश्चात महाविद्यालय को प्राप्त ग्रेड पर विधिवत चर्चा की गयी तथा जिन विन्दुओं पर महाविद्यालय को सन्तोषजनक परिणाम प्राप्त नही हुआ उन पर आगामी सत्र में विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया, साथ ही साथ अगले सत्र में महाविद्यालय द्वारा नेशनल इन्स्टीच्यूट रैकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) से मूल्यांकन कराने का भी निर्णय लिया गया। इस हेतु महाविद्यालय में आई.क्यू.ए.सी.की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसका विवरण निम्नवत है–

1. डॉ. सत्यपाल सिंह – कोआर्डिनेटर, आई.क्यू.ए.सी.
2. डॉ. शुभ्रा श्रीवास्तव – सदस्य
3. डॉ. अर्चना सिंह – सदस्य
4. श्री धर्मचन्द्र विश्वकर्मा – सदस्य
5. श्री विवेक शाही – सदस्य
6. डॉ. सुभाष चन्द्र – सदस्य
7. डॉ. पवन पाण्डेय – सदस्य
8. डॉ. अमरनाथ तिवारी – सदस्य
9. डॉ. नितीश शुक्ला – सदस्य
10. डॉ. सूरज शुक्ला – सदस्य

## रोवर्स-रेंजर्स की बैठक

दिनांक 22.04.20210 को गोरखपुर के रोवर्स – रेंजर्स की एक आवश्यक बैठक कोरोना महामारी के संदर्भ में वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई जिसमें रोवर लीडर डॉ संजीत कुमार सिंह और रेंजर लीडर श्रीमती जागृति विश्वकर्मा सहित समस्त रोवर्स रेंजर्स ने भाग लिया।

इस बैठक का संचालन रेंजर लीडर श्रीमती जागृति विश्वकर्मा ने किया । अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि रोवर्स रेंजर्स का ध्येय वाक्य ही ''सेवा करो'' है इसलिए इस आपदा काल में सभी रोवर रेंजर अपने परिवार आस–पड़ोस तथा समाज को इस महामारी के प्रति जागरूक करेंगे। रोवर लीडर डॉ संजीत कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी रोवर्सध् रेंजर्स की यह जिम्मेदारी है कि इस विषम घड़ी में अपने को बचाते हुए समाज तथा परिवार को इस बीमारी के बारे में जागरूक करें । साथ ही कहा कि मास्क,सैनिटाइजर, दो गज की दूरी तथा टीकाकरण से ही इस बीमारी से देश उबर सकता है तथा इस कार्य में सभी रोवर–रेंजर्स सहयोग करें और अपने परिवार के साथ साथ आस–पड़ोस के लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक करें।